Nai Dunia (Indore), 22th September 2020, Page-6

# आई-5 समिट में विशेषज्ञ बताएंगे स्टार्टअप ग्रोथ के फंडे

**इंदौर।** आइआइएम इंदौर और आइआइटी इंदौर द्वारा 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने जा रही आई-5 समिट इस बार पूरी तरह ऑनलाइन होगी। इसमें विशेषज्ञों के वेबिनार होंगे। इसमें एयर इंडिया के चेयरमैन अश्वनी लोहानी, ग्राइकैप्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर गिरी बालासुब्रमणियम, मिनिस्ट्री ऑफ कोल के पूर्व सेक्रेटरी अनिल स्वरूप, ड्रूम के फाउंडर संदीप अग्रवाल और द बियर कैफे के राहुल सिंह विद्यार्थियों को स्टार्टअप को बेहतर ग्रोथ देने के बारे में अपने अनुभव शेयर करेंगे। समिट में की-नोट स्पीच, स्टार्टअप एक्सपो, चाय पे चर्चा, स्पीकर सीरीज, सोशल आंत्रप्रेन्यार, पेनल डिस्कशन, वर्कशॉप और फंडिंग जैसे इवेंट होंगे। आई-5 समिट में इस बार भी उद्योगों के कुछ खास लोगों को जोड़ा गया है। इनसे स्टार्टअप को फंडिंग मिलने में आसानी होगी। इस बार इंफोसिस के क्रिस गोपालाकृष्णन, अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. हरिप्रसाद, बॉम्बे शेविंग कंपनी के शांतनु देशपांडे का साथ लिया जाएगा। पांच साल में समिट में 30 इन्वेस्टर 60 स्टार्टअप को 140 मिलियन डॉलर से ज्यादा की फंडिंग दे चुके हैं।